राजस्थान सरकार



हवामहल

(कोरोना समय में बच्चों का झरोखा)

RSCERT Udaipur

01 जनवरी 2022: शनिवार: वर्ष – 02: अंक – 35

नाव चली

आज की कविता

"बच्चों के साथ हाव-भाव से कविता कराना (एक एनर्जाइजर) उनके साथ जुड़ाव और संवाद स्थापित करने की एक महत्वपूर्ण गतिविधि है। प्रस्तुत कविता नाव चली बच्चों के साथ हाव-भाव के साथ करायी जा सकती है। इस कविता का वीडियो देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | पराग

अनोखा घोंसला

आज की कहानी

"ठंड आने वाली है। इसलिए चिड़िया तिनका-तिनका जमा कर रही थी। वह तिनका-तिनका लाती और बड़ी मेहनत से जमाती। घोंसला तैयार हुआ तो उसे नींद आ गई। अचानक उसे लगा कि घोंसला हिलने लगा है। उसने उठकर नीचे देखा। आगे क्या हुआ होगा? जानने के लिए इस कहानी को सुनें। कहानी सुनने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें। "

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | रूम टू रीड



लाइटनिंग

आज की किताब

"बिजली रणथंभौर की एक बाघिन की कहानी है। उसके बारे में कई उपाख्यानों में से, प्रभात ने एक को चुना है जो मनुष्यों और जंगली जानवरों की एकता को दर्शाता है। संवेदनशील रूप से चित्रित, कहानी से पता चलता है कि लाइटनिंग और लोग मिलकर रणथंभौर को वह स्थान बनाते हैं जो वह है। इस किताब को पढ़ने के लिए किताब के चित्र पर क्लिक करें।"

6 + वर्ष के बच्चों के लिए | इकतारा



जोड़ी में पठन

आज की गतिविधि

"जोड़ी पठन एक महत्वपूर्ण लाइब्रेरी की गतिविधि है। यह पठन की रणनीति है। जिसमें अलग-अलग या एक ही पठन स्तर वाले बच्चे जोड़ी में पढ़ते हैं। इस गतिविधि में पठन से जूझ रहे बच्चे को साथी बच्चे से पढ़ने में सहयोग मिलता है।इस गतिविधि के वीडियो को देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें।"

3 + वर्ष के बच्चों के लिए | पराग

नया साल एक सेकण्ड देरी से आया

टीचर्स कॉर्नर

"हमारे रोज़मर्रा के जीवन में एक सेकण्ड कोई खास मायने नहीं रखता। जिस मुल्क में 'बस दो मिनट' लोगों का तकिया कलाम हो, वहाँ एक सेकण्ड की क्या बिसात होगी! फिर भी यह एक खगोलीय सच्चाई है कि हमारी धरती भी अपनी धुरी पर घूमते हुए थोड़ा सुस्ता लेती है, जिसकी वजह से साल 2009 एक सेकण्ड देर से आया। लीप सेकण्ड के बारे में और भी कई रोचक पहलू हैं इस लेख में।

शिक्षकों के लिए | संदर्भ पत्रिका

#घरमेंरहें

#आनन्दसेपढ़ें

मोटा पहलवान पहुंचा दुकान

कहानी पढ़ने के लिए बॉक्स पर क्लिक करें। (6+ वर्ष के बच्चों के लिए | PFEL)

आज का अंक आपको कैसा लगा ?

अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।